**खबर संक्षेप**

## सांसद आज सौंसर, पांढुर्णा व अमरवाड़ा में करेंगे सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू आज 6 दिसंबर को सौंसर, पांढुर्णा व अमरवाड़ा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। सांसद श्री साहू सुबह 11:30 बजे साइंस कॉलेज ग्राउंड सौंसर में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। दोपहर 1 बजे एमपीएल ग्राउंड पांढुर्णा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे वहीं शाम 4:30 बजे स्टेडियम ग्राउंड अमरवाड़ा में भी सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। सांसद श्री साहू शाम 5 बजे अमरवाड़ा में ही मॉल का शुभारंभ करेंगें।

## वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं को किया गया जागरूक

**पांढुर्णा।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक संचालित यातायात जनजागरूकता विशेष अभियान के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा श्री सुन्दर सिंह कनेश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा श्री नीरज कुमार सोनी के निर्देशन में प्रतिदिन यातायात अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज थाना सौंसर में वाहन चेकिंग के दौरान वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं को निरीक्षक आकांक्षा सहारे, यातायात प्रभारी द्वारा जागरूक किया गया। यातायात विशेष अभियान के तहत यातायात नियमों, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, सीपीआर, महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं सतर्कता, साइबर फ्रॉड, नशामुक्ति अभियान, बाल मित्र योजना एवं राहवीर योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को राहवीर योजना के अंतर्गत यह बताया गया कि दुर्घटना के समय घायलों की सहायता करने वालों को कानूनी सुरक्षा प्रदान की जाती है तथा उन्हें किसी भी प्रकार की पुलिस कार्रवाई से डरने की आवश्यकता नहीं है। इस यातायात जनजागरूकता अभियान में निरीक्षक आकांक्षा सहारे, यातायात प्रभारी के साथ 40-50 ग्रामवासी, युवा एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

### निर्माणाधीन होटल के मालिक ने सरकारी जमीन पर तान दी बाउंड्री, बड़े होटल और महंगी कॉलोनी के सामने बनेगी निगम की दुकानें

# रसूखदारों ने अटकाया नगर निगम का खजरी रोड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स प्रोजेक्ट!





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

नगर निगम भू माफियाओं के कहने पर ही संचालित होता है क्योंकि बिके हुए अधिकारी निगम के नियमों को ताक में रखकर भू माफियाओं को सहयोग करते है। लाख शिकायतों के बाद भी कोई भी कमियां अधिकारियों को नहीं दिखाई देती है। वे हमेशा भूमाफियाओं के पक्ष की बात ही करते है और शासकीय धन हानि से उन्हें कोई गुरेज भी नहीं है। शहर में ऐसे कई मामले है उनमें से ही एक मामला खजरी रोड स्थित शॉपिंग कॉम्पलैक्स का है जहां भूमाफियाओं के निर्देशन में नगरपालिका के अधिकारी और कर्मचारी काम कर रहे है और एक और प्रोजेक्टर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने जा रही है। शहर में भूमाफिया हर तरह से सक्रिय है। कहीं सरकारी जमीनों पर भूमाफिया नजर गड़ाए बैठा है। तो कहीं अपनी जमीनों की कीमत बढ़ाने के लिए सरकारी जमीनों पर बनने वाले प्रोजेक्ट को अटका दिया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला खजरी रोड पर भी सामने आया है। दरअसल खजरी रोड में शिक्षक कॉलोनी के आगे से ही सड़क के किनारे लगी नगर निगम की सरकारी जमीन है और उसके पीछे निजी जमीन मौजूद है। जब तक नगर निगम अपनी सरकारी जमीन का उपयोग नहीं करता। तब तक इन निजी जमीनों की कीमत बेशकीमती है। लेकिन जैसे ही नगर निगम सरकारी जमीन का उपयोग अपने किसी काम के लिए करना शुरू कर दे। उसके बाद से उसके पीछे मौजूद बेसकीमती जमीनों की कीमत आधी से भी कम रह जाएगी। यही कारण है कि वे रसूखदार जिनकी जमीन खजरी रोड पर मौजूद है वह नगर निगम के प्रोजेक्ट को अटका रहे हैं।

मामला है खजरी रोड पर नगर निगम के द्वारा बनाए गए एक शॉपिंग कंपलेक्स प्रोजेक्ट का। नगर निगम ने खजरी रोड पर बनने वाले एक होटल के सामने से ही वर्तमान फ्लोरेंस पार्क के आगे तक आबादी क्षेत्र में खुद की जमीन पर दुकान बनाने का प्रोजेक्ट तैयार किया था। जिससे नगर निगम को खासा फायदा हो सकता है। लेकिन जिन रसूखदारों की जमीन यहां मौजूद है वह रसूखदार सरकारी जमीन पर दुकानें बनने नहीं दे रहे हैं। फिलहाल यह मामला कलेक्टर कार्यालय में अनुमति के लिए अटका हुआ है। सूत्रों की माने तो इस मामले को यहां पर अटकाने के पीछे रसूखदारों का हाथ है। जिन्होंने प्रदेश के कुछ पुराने नेताओं का दबाव इस मामले में बनाया है जिनसे इन रासुकदारों के पुराने संबंध है।

### कर्ज में निगम, गिरवी रखी है जमीनें



नगरनिगम इन दिनों गरीबी के दौर से गुजर रहा है। इनकम इतनी नहीं हो रही कि खर्चा पूरा कर सके। कर्मचारियों का वेतन देने तक के लिए नगर निगम को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। इसके अलावा नगर निगम ने कई ऐसी जमीनों को गिरवी रखा हुआ है जिन जमीनों की कीमत करोड़ों अरबो रुपए तक जा सकती है। लेकिन बैंक लगातार मुनादी कर रहे हैं और नगर निगम इन जमीनों को गिरवी रख कर लिए गए कर्ज का भुगतान भी नहीं कर पा रहा है। ऐसी स्थिति में नगर निगम शहर में ऐसे प्रोजेक्ट तैयार कर रहा है जिससे नगर निगम की कमाई हो सके और बैंकों के कर्ज चुकाया जा सके। क्योंकि जो जमीन बैंकों के पास गिरवी रखी हुई है। उन जमीनों पर शहर के बड़े भूमाफियाओं की भी नजर है। भू माफिया चाहते हैं कि नगर निगम इन जमीनों का कर्ज न चुका पाए और यह जमीनें कौड़ियों के दाम बैंक से नीलाम हो जाए। और नीलामी में भूमाफिया ही इन जमीनों को खरीद ले।

### चौरई वृत्त में गश्त के दौरान की गई कार्यवाही

## आबकारी की दबिश : एक आरोपी से 63 बल्क लीटर देशी मसाला शराब बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में जिले के आबकारी अमले द्वारा गत दिवस वृत्त चौरई में गश्त के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम आमाझिरी रोड थाना चौरई के अंतर्गत आरोपी अशोक कुमार वर्मा पिता नान्हो वर्मा उम्र 35 साल निवासी वार्ड क्रमांक 08 चमन घाटी चौरई, थाना चौरई जिला छिंदवाड़ा की विधिवत तलाशी लेने पर कुल 63 बल्क लीटर देशी मसाला शराब बरामद की गई।

बरामद शराब की अनुमानित कीमत 37000 रुपए एवं एक सफेद रंग की हुंडई इयोन कार जिसकी अनुमानित कीमत 150000 रुपए बरामद कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की (संशोधित 2000) धारा 34(1) क एवं 34(2) 46(1) के तहत मामला गैर जमानतीय एवं दंडनीय होने से प्रकरण दर्ज कर उसे विवेचना में लिया गया। आरोपी को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट चौरई के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा के लिये जिला जेल छिंदवाड़ा भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी कुमारी भारती गौंड एवं आबकारी आरक्षक श्री सचिन श्रीवास्तव, सुश्री भारती मरकाम उपस्थित थीं।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद् चौरई**
**जिला छिंदवाड़ा (म०प्र०)**
(कार्यालय दूरभाष एवं फैक्स नं. 07166-222106) (ई-मेल cmochorai@mpurban.gov.in)

क्रमांक/684/रा.शा./न.पा.प. / 2025 चौरई, दिनांक 05/12/2025

**दुकान नामांतरण इस्तहार सूचना**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि, निकाय स्वामित्व अंतर्गत आई. डी.एस.एम.टी योजनांतर्गत निर्मित भूतल की दुकान क्रमांक 14 जो कि वर्तमान में निकाय अभिलेख में श्री अनुराग श्रीवास्तव पिता श्री ए.के. श्रीवास्तव निवासी वार्ड क्रमांक 11 चौरई जिला छिंदवाड़ा के नाम से दर्ज है। उक्त दुकान श्रीमति रोशनी सनोडिया पति श्री अंतराम सनोडिया निवासी पांजरा जाम तहसील व जिला सिवनी के द्वारा दुकान नामातंरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है अतः दुकान नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति पक्षकार को कोई आपति हो तो सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के अंदर दावा/आपति प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावे आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद चौरई**
**जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**


## खुले में सोने वालों को रैन बसेरों में पहुंचाने निगम का रात्रि अभियान



**छिंदवाड़ा।** ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए कलेक्टर हरेंद्र नारायण एवं नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देश पर नगर निगम ने सोमवार की रात शहर में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सड़कों, फुटपाथों और खुले स्थानों पर सो रहे लोगों को सुरक्षित रूप से निगम संचालित रैन बसेरों में पहुंचाया गया। अभियान के तहत उन यात्रियों की भी मदद की गई, जो देर रात अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाए थे। ऐसे राहगीरों को संबंधित बसों में बैठाकर उनके गंतव्य की ओर रवाना किया गया। नगर निगम की टीम ने शहर में विभिन्न स्थानों पर जलाए जा रहे अलावों की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और सुनिश्चित किया कि ठंड से राहत देने के लिए यह लगातार और सही ढंग से जलते रहें। टीम ने सभी बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों से अपील की कि रात्रि में इधर-उधर भटकने की बजाय निगम द्वारा उपलब्ध हीटर, गर्म बिस्तर एवं निशुल्क शौचालय सुविधा से युक्त रैन बसेरों में ठहरें। इस निरीक्षण अभियान का नेतृत्व निगम उपयुक्त आर.एस. बॉथम ने किया। उनके साथ जनसम्पर्क अधिकारी अभिषेक गुप्ता, सिटी मैनेजर उमेश पयासी एवं निगम के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## पंचायत दर्पण में ब्लर (धुंधले) बिल का क्या है राज!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

पंचायत दर्पण यह शासन द्वारा बनाया गया एक ऑनलाइन पोर्टल है। जिसे पंचायती मामलों में पारदर्शिता बनाएं रखने के लिए बनाया गया है । इस पोर्टल के माध्यम से एक सामान्य व्यक्ति पंचायतों में जारी कार्यों , वित्तीय लेनदेनों के बारे में जान सकता है , लेकिन पंचायत की कमान संभालने वाले यहां भी अपनी कलाकारी दिखाने से बाज नहीं आते हैं । यहां हम बात कर रहे हैं जनपद पंचायत परासिया की ग्राम पंचायत लिखावाड़ी का । यह पंचायत अपने ग्राम में बन रहे पंचायत भवन को लेकर पहले से ही चर्चा में है । जब पंचायत दर्पण में इस पंचायत द्वारा किए गए भुगतान को देखने में मिला की पंचायत ने 10 नवंबर 2025 को 13,200/- रूपये का भुगतान किया है । जिसका बिल बिल्कुल ब्लर (धुंधला) है । जिसे भुगतान किया गया है उसका नाम तो है , पर भुगतान क्यों किया गया इसका पता लगाना पोर्टल में मुश्किल है । जबकि इसी व्यक्ति को 14 नवंबर 2025 को 26040/- रूपये का भुगतान किया गया है । इसका बिल पोर्टल पर साफ दिख रहा है , लेकिन पिछले भुगतान का बिल कोरा लगाया गया है । यह क्या राज है इसे सिर्फ पंचायत वाले ही बता सकते हैं , यदि वे जन साधारण को बताना चाहे तो । वरना पोर्टल में तो .....

### महापौर ने निगम में अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश पत्र सौंपे

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम छिंदवाड़ा में कार्यरत कर्मचारियों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करते हुए सोमवार को महापौर विक्रम आहके ने नियुक्ति आदेश पत्र सौंपे। यह नियुक्तियाँ शासन के नियमों एवं परिजनों की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर प्रदान की गई हैं। स्वर्गीय नारायण मुसरे, जो निगम में रोलर चालक के रूप में सेवाएं दे रहे थे, उनके आकस्मिक निधन के बाद उनके पुत्र प्रमोद मुसरे को चतुर्थ श्रेणी के स्वीकृत पद पर नियुक्ति दी गई। इसी प्रकार स्वर्गीय केवलराम पंद्राम, जो सचिव पद पर सेवाएं दे रहे थे, उनके आकस्मिक निधन उपरांत उनकी पत्नी उर्मिला पंद्राम को सफाई संरक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई।

### दवा निर्माण, परीक्षण के लिए कानूनी, नियामक ढांचे को सुदृढ़ करने हेतु कदम उठाएं

## सांसद ने लोकसभा में कफ सिरप से बच्चों की मौत के विषय को उठाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू लोकसभा में देश के ज्वलिंत मुद्दों पर लगातार अपनी बात रख रहे है। जिसका जवाब केन्द्रीय मंत्रियों द्वारा दिया जा रहा हैं। शुक्रवार को सांसद श्री साहू ने लोकसभा में कफ सिरप मामले को लेकर तमिलनाडु सरकार को घेरा। सांसद ने लोकसभा ने कहा कि मैं सरकार से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूँ कि दवा निर्माण और परीक्षण के लिए कानूनी और नियामक ढांचे को सुदृढ़ करने हेतु तत्काल और निर्णायक कदम उठाए जाए।

बंटी विवेक साहू ने लोकसभा में शुन्यकाल के दौरान कफ सिरप मामले को लेकर अपनी बात रखते हुए लोकसभा सभापति से कहा महोदय मैं एक बहुत ही संवेदनशील विषय पर चर्चा कर रहा हूँ। मैं आज दुखी मन से मेरे संसदीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा के परासिया में पिछले दिनों अमानक कफ सिरप से जान गंवाने वाले बच्चों तथा उनके परिवारों के प्रति अपनी गहन संवेदना व्यक्त करते हुए व्यवस्था बनाने का अनुरोध करना चाहता हूँ। यह घटना मेरे लिए अत्यत पीड़ादायक है। इस घटना ने हम सभी को स्तब्ध किया है। उन्होंने कहा महोदय मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दवाइयों के निर्माण की प्रक्रिया की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। भोपाल राज्य फोरेंसिक साइस लैबोरेटरी द्वारा किए गए परीक्षण के अनुसार जानलेवा कोलड्रिफ कफ सिरप में डायथीलीन ग्लाइकोल निर्धारित मात्रा से 400 प्रतिशत अधिक मात्रा में पाया गया और यह कैमिकल बच्चों के लिए घातक साबित हुआ और इसके सेवन से कई बच्चों की मौत हुई।

सांसद श्री साहू ने कहा महोदय इस मामले में तमिलनाडु की दवाई बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स कंपनी दोषी है, जिसने इस कफ सीरप को बनाया और बिना परीक्षण के लिए भेज दिया। प्रयोगशाला विश्लेषण में पता चला कि कफ सिरप के बैच में डायथीलीन ग्लाइकोल था, जो अनुमत सीमा से कई गुना अधिक था।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण** - 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साई कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२ , 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण** – 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति एँम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण** – 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## चंदनवाड़ा, आमाझिरी, मोहगांव और तेंदनी की टीमों ने दर्ज की जीत

# सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी के खिलाड़ियों ने दिखाया दम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

भाजपा नगर मंडल चौरई के नेतृत्व में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को कबड्डी के रोमांचक मुकाबले खेले गए। सुबह से शाम तक चले इन संघर्षपूर्ण मैचों में खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह ने मैदान का माहौल पूरे दिन जीवंत बनाए रखा। चार अलग-अलग मुकाबलों में चार टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले चरण में अपनी जगह पक्की की दिन के पहले मैच में डीपी मिश्रा चौरई और चंदनवाड़ा की टीमें आमने-सामने रहीं, जहाँ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चंदनवाड़ा विजेता बना दूसरे मुकाबले में लक्खा पिपरिया और जूनियर आमाझिरी के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जिसमें आमाझिरी ने बढ़त बनाते हुए जीत दर्ज की तीसरे मुकाबले में शासकीय कॉलेज चौरई और एकता क्लब मोहगांव के बीच मुकाबला हुआ, जहाँ मोहगांव ने शानदार खेल दिखाते हुए विजय हासिल की अंतिम मुकाबले में तेंदनी की टीम ने आक्रामक\ तरीके से खेलते हुए आमाझिरी को पराजित कर जीत अपने नाम की।

### कल होंगे लड़कियों और लड़कों दोनों वर्गों के मुकाबले

आयोजकों ने जानकारी दी कि महोत्सव के तहत बुधवार को लड़कियों और लड़कों दोनों वर्गों के कबड्डी मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। आज विजयी रही टीमें आगामी चरण में चयनित अन्य विजेताओं से भिड़ेंगी, जिससे मुकाबले और रोमांचक होने की उम्मीद है नेताओं की उपस्थिति से बढ़ा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,भाजपा पदाधिकारी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधियों में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय,संजय ठाकुर,शरद खंडेलवाल, सिरपत नायक, संजय सुकांत,चंद्रभान सोनी,दीपक वर्मा, सुमित सराठे,अरविंद चौहान, संजय शर्मा, अनिल शर्मा,मदन डेहरिया, दीपा राय, रितु चौरसिया,राजीव सोनी, उमेश रघुवंशी,डॉ. हरि राय, राजेश संदराम,तथा विनोद पाल सहित अनेक गणमान्य



नागरिक शामिल रहे नेताओं की उपस्थिति ने खिलाड़ियों में विशेष उत्साह भरा और पूरे आयोजन को अधिक ऊर्जा से भर दिया खिलाड़ियों में दिखा बढ़ता उत्साह सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों में खेल के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धा की भावना में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। आयोजकों और खेलप्रेमी नागरिकों का मानना है कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं।

## विधायक चौरे ने विधानसभा में उठाया कलेक्टर कार्यालय का मुद्दा

पांढुर्ना। मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सौंसर विधायक विजय चौरे ने आज पांढुर्ना कलेक्टर कार्यालय का मुद्दा उठाया। विधायक विजय चौरे ने अपने संबोधन में कहा कि कलेक्टर कार्यालय भूमि आवंटन मामले में भूमि को लेकर कुछ विवाद है और शहर से 3 किलोमिटर दूर कार्यालय को ले जाने की कोशिश की जा रही है। इन्होंने बताया कि पांढुर्ना जिले के अधिकांश नागरिक नहीं चाहते कि प्रस्तावित भूमि पर कलेक्टर कार्यालय बने। दूसरी तरफ वर्तमान में जहां पर कलेक्टर कार्यालय संचालित हो रहा है वहां 5 एकड शासकीय जमीन मौजूद है फिर वहां कार्यालय क्यों नहीं बनाया जा रहा है।




## अस्पताल के रसोई कर्मियों को चार माह से वेतन नहीं

पांढुर्ना। यहां सिविल अस्पताल में कार्यरत रसोईयों को पिछले 4 माह से वेतन नहीं मिला है। यह संविदा कर्मचारी वर्तमान में बेहद बुरे आर्थिक हालात से गुजर रहे है। इन रसोईयों को अपने घर परिवार के लिए बाजार से साग-सब्जी और किराना माल लाने के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन विभाग में स्पर्श नामक एक सॉफ्टवेयर के कारण यह समस्या पैदा हुई है। अस्पताल के रसोई घर में कार्य करनेवाले कर्मचारीगण कविता गाधने, उमेश कालबांडे, रंजना खुरसंगे बीते 4 माह से काफी परेशानी में दिन काट रहे है।



## मुनिश्री सुप्रभसागर एवं मुनि श्री प्रणतसागर का हुआ नगर आगमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर में गुरुवार 4 दिसंबर को मुनि श्री सुप्रभ सागर एवं मुनि श्री प्रणत सागर का नगर आगमन हुआ इस दौरान उनकी अगुवाई के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला मंदिर परिसर पहुंचे जहां से नगरवासियों, श्रावक- श्राविकाओं एवं सामाजिक संगठनों ने जयघोष के साथ दोनों संतों की अगवानी की। सुमधुर भक्ति में संगीत और बैंड बाजे की ध्वनि में मुनि श्री का नगर में प्रवेश कराया गया जहां पर स्थानीय जैन मंदिर में पूजन अर्चन उपरांत स्थानीय जनों ने उनके उपदेश भी सुने। इस दौरान पूर्व विधायक नथन शाह कवरेती, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष नवजीत (मोनू) जैन, विष्णु प्रसाद शर्मा, शरद कुरोलिया, संजय जैन, दीपेश जैन, अनिमेष जैन, विशेष चौरसिया, जितेंद्र सूर्यवंशी, विशाल साकल्ले, रोहित जैन सहित बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित थे।

### रामकृष्ण वैदिक विद्यालय में प्रवेश एवं परीक्षा की पात्रता की अंतिम तिथि 10 दिसंबर

छिंदवाड़ा। संस्कृति मानव विकास समिति छिंदवाड़ा द्वारा नरसिंहपुर रोड स्थित माखनचोर मंदिर में परंपरागत प्राचीन आवासीय गुरूकुल आश्रम श्री रामकृष्ण वैदिक अध्यापन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थापना छिंदवाड़ा में है, तथा इस विद्यालय में कक्षा 5 वीं से 12 वीं तक विद्यार्थियों को प्रवेश लिया जाता है । जिले में संस्कृत भाषा के माध्यम से कक्षा 5 वीं से 12 वीं तक में अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थी इस विद्यालय में प्रवेश एवं परीक्षा के लिये दिनांक 10 दिसंबर 2025 तक ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं । संस्कृति मानव विकास समिति छिंदवाड़ा के अध्यक्ष/संचालक स्वामी महेशानंद ने बताया कि इस विद्यालय को म.प्र. शासन के संस्कृत बोर्ड से मान्यता प्राप्त है तथा इस विद्यालय के विद्यार्थियों की कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं और 12 वीं की परीक्षायें संस्कृत बोर्ड द्वारा ली जाती है और कक्षा 5 वीं से 12 वीं तक की परीक्षाओं की अंकसूची भी प्रदाय की जाती है ।

## निर्माणाधीन पुलिया का सीएमओ एवं अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



जुन्नारदेव। मुख्यमंत्री फेस 4 योजना के अंतर्गत निर्माण धीन पुलिया का निरीक्षण करने मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमेश सालोडे पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पुलिया के ऊपर लोहे के राड की मुटाई एवं गुणवत्ता की जांच किया। तथा ठेकेदार और इंजीनियर को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य स्लेब कंक्रीट की ढलाई में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।यह पुलिया हनुमान मंदिर के पीछे वार्ड नंबर 18 में निर्माण किया जा रहा है। इस पुलिया का शनिवार को स्लैब ढलना है। इस अवसर पर ठेकेदार अरविंद सिंह परिहार पार्षद श्रीमती सोनिया धुर्वे नवीद सिद्दीकी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक कल

छिन्दवाड़ाः- वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र.जिला शाखा छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष के.एस.सेंगर ने बताया कि 7 दिसम्बर दिन रविवार दोपहर 12:30 बजे स्थान जनसेवा सदन भवन शिवनगर कॉलोनी पुराना पी.डब्ल्यू.डी.ऑफिस के आगे मासिक बैठक आहूत की गई है। बैठक में आगामी दिवस में पेंशनर्स डे मनाने हेतु चर्चा कर रूपरेखा तैयार की जावेगी। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल द्वारा प्रांतीय स्तर पर जिले को प्रतिनिधित्व दिया गया है उनके नामों की घोषणा कर सम्मान किया जावेगा । संगठन की सदस्यता अभियान में गति लाने हेतु वार्डवार जिम्मेदारी सौंपी जावेगी। साथ ही प्रांतीय आव्हान पर 29/12/2025 को पेंशनरों की लंबित मांगों के लिये सभी जिलों में एक दिवसीय रैली ,धरना ,ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम देने हेतु विचार विमर्श किया जायेगा।

### पोल-खम्बों से लाईट गुल, छाया घनघोर अंधेरा

दमुआ। हाई मास्को लाईट लगाये गये है न.पा.दमुआ के निकाय वार्ड ऐरिया क्षेत्र के मुख्य चैक चैराहे स्थलों सार्वजनिक स्थानों में बड़े पोल खम्बे लगाकर हाई मास्को लाईट लगाये गये है। हाई मास्को लाईट तो लगा दिये गये है। परन्तु हाई मास्को लाईट की क्वालिटी घटिया किस्म की है। और जहां भी जिस जगह स्थनों में हाई मास्को लाईट लगे है कई जगह हाई मास्को लाईट बंद पड़े है। एवम् कहीं-कहीं हाई मास्को खम्बे पोल से लाईट नदारत है। हाई मास्को पोल खम्बों में चारो तरफ लाईट लगे रहते है। किन्तु अक्सर देखा जा रहा है। कि नगर पालिका दमुआ के निकाय वार्ड ऐरिया क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों स्थलों में लगे हाई मास्को लाईट कहीं एक जल रहा तो कहीं दो जल रहें है। जबकि हाई मास्को लाईट बाकायदा पोल खम्बे में लगे हाई मास्को लाईट सभी जलना चाहिये। और दिषाओं में प्रकाष उजाला भी होना चाहिये पोल खम्बो से लाईट निकाल लिये गये है।

## रबी फसल पर हुई समीक्षा बैठक



परासिया : किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा रबी सीजन के संबंध में रबी फसल पर समीक्षा बैठक हुई । जिसमें जिसमें विभागीय समीक्षा की गई । शासन से प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति करने जैसे बीज , कृषि यंत्र , प्रदर्शन , समितियां एवं निजी विक्रेता दुकानों का निरीक्षण आदि पर समीक्षा की गई ।बैठक में ब्लाक परासिया , तामिया , जुन्नारदेवके सभी कृषि विस्तार अधिकारी , वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी , परियोजना अधिकारी , आत्मा के ब्लाक टेक्नोलॉजी मैनेजर एवं सहायक टेक्नोलॉजी मैनेजर , बीमा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।बैठक में प्रमोद सिंह उट्टी (अनुविभागीय कृषि अधिकारी परासिया) , विनायक नागदवने (वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी परासिया) एवं समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा ।

## धान खरीदी केंद्रों पर बाहरी मजदूरों मुसाफिरी दर्ज नहीं होने से बढ़ सकता है खतरा

### जनपद क्षेत्र लांजी के अधिकतर केंद्रों में बाहरी राज्यों से आए हैं मजदूर

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जिले की सभी सोसायटियों में धान खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग के आधार पर काम किया जा रहा है, लेकिन इन केंद्रों पर बाहरी राज्यों से आए मजदूरों की मुसाफि री थाने में दर्ज नहीं कराई गई है। इससे किसी भी घटना या दुर्घटना की स्थिति में जवाबदारी तय करना मुश्किल हो सकता है। बाहरी मजदूरों के द्वारा नशा करने और अभद्र भाषा का उपयोग करने की शिकायतें भी मिली हैं, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। लांजी क्षेत्र में बिहार, बंगाल और कलकत्ता जैसे स्थानों से आए मजदूर धान खरीदी केंद्रों में बोरी सिलाई का कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनके ठेकेदारों ने उनकी मुसाफि री लांजी थाने में दर्ज नहीं कराई है। इससे न केवल स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है, बल्कि इन मजदूरों की सुरक्षा भी खतरे में है। अगर कोई घटना या दुर्घटना होती है, तो इसकी जवाबदारी कौन लेगा? यह सवाल अब उठने लगा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि इन बाहरी मजदूरों की मुसाफि री तुरंत दर्ज की जाए और उनकी सुरक्षा के लिए उचित व्यवस्था की जाए। साथ ही, इन मजदूरों के ठेकेदारों पर भी कार्रवाई की जाए जो उनकी मुसाफिरी दर्ज नहीं करा रहे हैं। केंद्र प्रभारियों ने इस संबंध में बताया की लोकल के मजदूरों की अपेक्षा बाहरी राज्यों से आने वाले मजदूर ज्यादा चुस्त और तंदुरूरूस्त होते है साथ ही बोरी सिलाई के कार्य में स्थानीय मजदूरों की अपेक्षा ज्यादा सक्षम होने के कारण उन्हें ठेकेदारों के माध्यम से यह कार्य कराया जा रहा है परंतु इन मजदूरों को लाने वाले ठेकेदारों द्वारा इन्हें यहां लाने से पूर्व ही थाने में इन मजदूरों की मुसाफिरी दर्ज करा देनी चाहिए ताकि सुरक्षा के साथ व्यवस्था में भी कोई बाधा उत्पन्न न हो।

### सभी बुद्ध विहारों व प्रतिमा स्थलों भाव पूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित करें

## भारतीय संविधान निर्माता डा. बाबा साहेब अंबेडकर दुनिया के 6 महानतम विद्वानों से भी सर्वोपरि- अधिवक्ता संजय खोबरागड़े



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। भारत देश के आजाद होने के पूर्व अंग्रेजों के द्वारा लंदन (इंग्लैंड) में वर्ष 1930, 1931, 1932 तीन गोलमेज सम्मेलन हुए। जिसमें कुल 89 लोग शामिल हुए थे। इसमें 16 ब्रिटेन के 53 भारतीय प्रतिनिधि थे। जिसमें परम् पूज्य डा. बाबा साहेब अंबेडकर जी सबसे कम उम्र युवा थे। परम् पूज्य डा. बाबा साहेब अंबेडकर जी की युवा अवस्था को देख सभी लोग आश्चर्यचकित थे कि ये नौ जवान क्या करेगा, लेकिन सभी प्रतिनिधियों ने परम् पूज्य डा. बाबा साहेब अंबेडकर जी का भाषण सबसे प्रभावशाली रहा, जिसकी वजह से अनेकों समितियों में शामिल किया गया था। 2 सितंबर 1946 को अंतरिम सरकार बनी। जिसमें कानून मंत्री का दायित्व सौंपा गया। 15 अगस्त 1947 को भारत देश आजाद हुआ 29 अगस्त 1947 को भारतीय संविधान के मसौदा समिति का गठन किया गया। जिसमें परम् पूज्य डा. बाबा साहेब अंबेडकर जी को अध्यक्ष चुना गया। मसौदा समिति के अध्यक्ष चुने जाने पर मसौदा तैयार किया गया और 21 फरवरी 1948 को संविधान सभा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जी को सौंपा गया। संविधान सभा में 11 सत्र हुए। 11 सत्रों में 165 दिन लगे, जिसमें 114 दिन संविधान सभा के प्रारूप पर विचार किया गया। अधिवक्ता संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट ने बताया कि भारत देश में विभिन्न धर्म वर्ग जातियां, उपजातियां और इसके साथ ही साथ विभिन्न भाषा बोलियां होने के उपरांत भी समूचे भारत को एकता और अखंडता में बनाए रखने के लिए समता समानता बंधुत्व व न्याय पर आधारित संविधान की रचना की, जो विश्व का विशालतम संविधान है।

अधिवक्ता संजय खोबरागड़े (संविधान रत्न व भीमरत्न से सम्मानित) ने बताया कि दुनिया के 6 महानतम विद्वान, 1 कार्ल माक्स (जर्मनी), 2 लेनिन (रूस), 3 डा. अब्राहम लिंकन, 4 मांओतसुग (चीन), 5 आइंस्टीन, 6 परम् पूज्य डा. बाबा साहेब अंबेडकर जी दुनियाभर के विद्वानों से सर्वश्रेष्ठ परम् पूज्य डा. बाबा साहेब अंबेडकर जी को स्वीकार किया। परम् पूज्य डा. बाबा साहेब अंबेडकर जी का 6 दिसंबर 1956 को दिल्ली में महापरिनिर्वाण हुआ तथा 7 दिसंबर 1956 को मुंबई दादर में अंतिम संस्कार हुआ।

### यज्ञ स्वयं को सभ्य और संस्कारित करने का सबसे सरल मार्ग

## 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज कटंगी। नगर के सरकारी अस्पताल मैदान में जारी 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुक्रवार की शाम 04 बजे महाप्रसाद वितरण के साथ समापन हो गया। आज अंतिम दिन सुबह 8 से देव आवाहन पूजन, दोपहर में गायत्री महायज्ञ में पूर्णाहुति और गुरु दीक्षा, विभिन्न संस्कार जैसे पुंसवन, नामकरण, मुंडन, विद्याराम संपन्न हुए। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में 02 दिसंबर को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का श्री गणेश हुआ। जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के 'टोली नायक सूरत सिंह अमृते और बनवारी लाल सैनी, सोमार साहे, नीरज विश्वकर्मा, मनीष साहू के सानिध्य में प्रारंभ हुए 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा के आखिरी दिन 5 दिसंबर को पूर्ण आहुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, चार दिनों तक चले धार्मिक आयोजन में श्रीमद्भागवत प्रज्ञा पुराण कथा गुरु दीक्षा संस्कार सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तीन पारी बच्चों का विद्याराम संस्कार, गुरु दीक्षा संस्कार के साथ ही लोगों से नशा छोड़ने की अपील की गई लोगों ने बड़ी संख्या मे नशा छोड़ा, कथा व्यास ने पूर्ण आहुति में बताया कि संसार में विज्ञान ने शोध किया है यह विज्ञान का ही चमत्कार है। बुद्धि का विकास करके मनुष्य ने अपनी जीवन यात्रा गुफा से कुटिया से झोपड़ी बनाकर गांव बसाऐ बड़े-बड़े मकान बने स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, महंगी गाड़ियां का आविष्कार हुआ। सब विज्ञान का चमत्कार रहा, फिर भी व्यक्ति के जीवन में सुख शांति नहीं है चारों तरफ परेशानी ही परेशानी है ऐसी स्थिति में समाधान क्या होगा मन की शांति के लिए, वेद शास्त्रों में यज्ञ को अस्पताल बनाने से ज्यादा जरूरी कहा है। यज्ञ संसार का सर्वश्रेष्ठ कर्म है, यज्ञ कामनाओं को पूर्ण करने वाला है, अथर्व वेद में कहा है, यज्ञ करता स्वर्ग के सुख को प्राप्त करते हैं। स्वर्ग की अभिलाषा रखने वाले व्यक्ति यज्ञ जरूर करें, यज्ञ से वर्षा होती है गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं यह तेरा शरीर यज्ञ जैसे शुभ कर्म के लिए है। स्वर्ग और सुसंस्कारी पुत्र की कामना करने वाले व्यक्ति यज्ञ करें, यज्ञ का प्रचार करने वाले, बाल्मीकि रामायण में कहा है यज्ञ करने वाले व्यक्ति के शत्रु भी मित्र बन जाते हैं, यज्ञ करने वाले की अकाल मृत्यु नहीं होती है, उसको महाबली भी नहीं मार सकता इसलिए हम सब यज्ञ की रक्षा करें, धर्म के पथिकों यज्ञ ही तुम्हें बढ़ाने वाला है ,वेद कहता है हमें संपूर्ण आयु यज्ञ के लिए देना चाहिए है, यज्ञ भगवान कहते हैं तुम मुझे दो मैं तुम्हें देता हूं यज्ञ भगवान हमें क्या देते हैं, सुख देते हैं शांति देते हैं परजन्य की वर्षा देते हैं आनंद देते हैं ।

### छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने दूर ना जाने पर क़र रहे पूरा प्रयास-विवेक पटेल

## वारासिवनी और खैरलाँजी में शासकीय आईटीआई संचालन प्रारम्भ करने विधायक पटेल ने कौशल विकास राज्यमंत्री गौतम टेटवाल से की मुलाक़ात

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वारासिवनी-विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनहित मुद्दों एवं विभिन्न ऐसे कार्य जिनकी महती आवश्यकता हैं उनको ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने वारासिवनी और खैरलाँजी में आईटीआई संचालन प्रारम्भ करने की मांग को लेकर प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्यमंत्री गौतम टेटवाल से उनके निज निवास पहुँचक़र मुलाकात क़र पत्र शौपक़र विस्तृत चर्चा की,विधायक विवेक विक्की पटेल ने विधानसभा क्षेत्र की नकनीकी शिक्षा स्थिति से उन्हें अवगत कराया।शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के उदेश्य से मंत्री ने भी विधायक विवेक विक्की पटेल की समस्याओ को गंभीरता से लेते हुए जल्द निराकरण करने की बात कहीं। छात्र-छात्राओं की हर समस्याओं को रख रहा सरकार के समक्ष-विवेक पटेल विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया की वारासिवनी और खैरलाँजी में शासकीय आईटीआई नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को तकनीकी तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रम हेतु 40-50 किलोमीटर सफर तय क़र बालाघाट अध्ययन करने जाने पड़ता हैं शासकीय आईटीआई प्रारम्भ होने से छात्र-छात्राओं को अध्ययन करने में सुविधा मिलेगी वही स्थानीय निवासियों को



रोजगार के अवसर भी मिलेंगे वही आईटीआई की सुविधा नहीं मिलने से युवाओं को बेरोजगारी का शिकार होना पड़ता हैं।

## पी.एम. श्री जे.एन.वी. वारासिवनी में कार्तिकेय जायसवाल, आई.ए.एस. का निरीक्षण

### प्राचार्य रणवीर सिंह एवं शिक्षकगण ने किया स्वागत, विद्यालय की व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। मध्यप्रदेश कैडर के वर्ष 2022 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी तथा वारासिवनी के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री कार्तिकेय जायसवाल का आज पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, वारासिवनी में ससम्मान आगमन हुआ।विद्यालय के नामित अध्यक्ष के रूप में उनके प्रथम आगमन पर प्राचार्य रणवीर सिंह तथा वरिष्ठ शिक्षक बी.आर. पटेल ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान श्री जायसवाल ने विद्यालय की प्रत्येक कक्षा में लगाए गए डिजिटल बोर्ड, शिक्षण पद्धति तथा विद्यार्थियों की सहभागिता का अवलोकन किया।इसके साथ ही उन्होंने संगीत कक्ष, कला कक्ष, विज्ञान प्रयोगशालाएँ, कम्प्यूटर प्रयोगशाला तथा पुस्तकालय का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता की प्रशंसा की।

राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभा से संवाद

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा आठवीं निलगिरि कनिष्ठ के छात्र वेदांत भटेरे से विस्तृत चर्चा की।लांजी के कृषक परिवार से आने वाले वेदांत की नवाचारयुक्त परियोजना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि "ऐसी प्रतिभाएँ जिले का भविष्य उज्ज्वल करती हैं।"

प्राचार्य द्वारा गत वर्ष के परीक्षा परिणामों की प्रस्तुति पर श्री जायसवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की मेहनत को सराहा। उन्होंने विद्यालय के खेल मैदान का भ्रमण कर खेल-सुविधाओं की स्थिति जानी और आवश्यकतानुसार सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य रणवीर सिंह ने कार्तिकेय जायसवाल, आई.ए.एस. के आगमन हेतु कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## खैरलांजी में समाधान योजना के प्रचार प्रसार के लिए जागरूकता रैली का हुआ आयोजन





हरिभूमि न्यूज खैरलांजी। खैरलांजी वितरण केन्द्र अंतर्गत समाधान योजना के प्रचार प्रसार के लिए 05 दिसम्बर को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली वितरण केन्द्र खैरलांजी से सुबह 11 बजे निकाली गयी, जिसे संभाग वारासिवनी के कार्यपालन अभियंता महोदय श्री बी.एल. भैना, सहायक अभियंता श्री राहुल तुरकर एवं वितरण केन्द्र के प्रभारी श्री सुशील कुमार मर्सकोले ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में सभी मुख्यालय के तकनीकी एवं कार्यालयीन कर्मचारी भी दो पहिया वाहन से प्रचार सामग्री लेकर शामिल हुये।यह रैली समाधान योजना के फायदे, वि-मित्र योजना के लाभ एवं सौर उर्जा से आत्मनिर्भरता जैसे मध्यप्रदेश सरकार के उर्जा विभाग द्वारा जनहित में जनउपयोगी योजना के बेनर, पोस्टर, प्रचार वाहन से सुसज्जित थी। रैली खैरलांजी से प्रारम्भ होकर ग्राम खैरी, सावरी, टेमनी, भौरगढ, कुम्हली, मोवाड, डोगरया, चिचोली, शंकर पिपरिया, फुलचुर, कटोरी, भण्डारबोडी, कचेखनी, सालेटेका होते हुये कार्यालय वितरण केन्द्र खैरलांजी में दोपहर 2 बजे समाप्त हुई।

## खबर संक्षेप

### कातिलाना बका लेकर सडकों पर दहशत फैलाने निकला था युवक, कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिवनी। शहर में बढ़ती चाकूबाजी और अवैध हथियारबाजी को रोकने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस ने एक ऐसे शख्स को पकडक़र शहर में राहत की सांस दिलाई है, जो हाथ में धारदार लोहे का बका लेकर बेधडक़ लोगों को डराता-धमकाता घूम रहा था। दिनांक 04/12/2025 को पुलिस को सूचना मिली कि मिशन स्कूल के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार लोहे का बका लेकर राहगीरों को धमका रहा है। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना सिवनी की टीम बिना देरी किए मौके पर पहुंची। जैसे ही आरोपी ने पुलिस को देखा, वह भागने लगा।

## अंतरराज्यीय बाघ स्थानांतरण की कार्यवाही में महत्वपूर्ण प्रगति प्राप्त हुई

# बाघिन पीएन-224 को सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया



पेंच टाइगर रिजर्व (मध्य प्रदेश) से रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व (राजस्थान) के मध्य चल रही अंतरराज्यीय बाघ स्थानांतरण की कार्यवाही में आज महत्वपूर्ण प्रगति प्राप्त हुई है। आज सुबह, एआई-सक्षम कैमरा ट्रैप सिस्टम से प्राप्त मूवमेंट इनपुट्स के आधार पर, क्षेत्रीय टीमों ने संभावित स्थान पर बाघिन की तलाश शुरू की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

हाथी दस्तों का उपयोग करते हुए, टीमों ने बाघिन का पता लगाया और उसकी पहचान की पुष्टि की। सफल पहचान के बाद, बाघिन को डॉ. अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में एवं डॉक्टर अमित कुमार ओड की उपस्थिति में विशेषीकृत पशु चिकित्सा टीम द्वारा ट्रेंकुलाइज किया गया। तत्पश्चात उसे स्थापित वन्यजीव प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा रेडियो कॉलर पहनाया गया। कॉलर लगाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, बाघिन को सावधानीपूर्वक पुनः जागृत किया गया और उसे फिर से जंगल में विचरण हेतु छोड़ दिया गया। अब जबकि रेडियो कॉलर लग चुका है, बाघिन की गति, व्यवहार और समग्र स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए अगले कुछ दिनों तक उसकी गहन निगरानी की जाएगी। इन अवलोकनों के आधार पर राजस्थान में उसकी परिवहन की आगामी कार्रवाई को अंतिम रूप दिया जाएगा। यह मील का पत्थर अंतरराज्यीय स्थानांतरण प्रयास में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसे अत्यधिक वैज्ञानिक गंभीरता और अंतरराज्यीय समन्वय के साथ किया जा रहा है।

## पुलिस अधीक्षक ने किया रक्तदान



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** रक्त घायलों व जरूरतमंदों के काम आता है। यह एक प्रकार की सबसे बड़ी सेवा है। श्रद्धा के साथ इसमें सेवा लगती है और यह रक्तदान की सेवा तन-मन-धन से लोग करते हैं। उक्ताशय की बात शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित एचडीएफसी बैंक सिवनी व पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्त दान शिविर में पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने कही। वहीं रक्षित निरीक्षक ने कहा कि आज जो भी पुलिस कर्मी रक्तदान करेंगे उन्हें एक दिन का स्वैच्छिक अवकाश दिया जाएगा। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष पुलिस बल ने रक्तदान किया। रक्तदान की शुरुआत सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक ने स्वयं रक्तदान देते हुए की।

## बुजुर्ग का खेत में बने टपरे पर शव फांसी के फंदे पर लटका मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी के किंदरई थाना क्षेत्र में एक 58 साल के बुजुर्ग का खेत में बने टपरे पर शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। यह घटना शुक्रवार सुबह कोहका टोला गांव के पास की है। ग्रामीणों ने फंदे पर लटका शव आज सुबह कुछ ग्रामीण खेत के पास से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने टपरे में एक व्यक्ति को फंदे पर लटका देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना किंदरई पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को फंदे से नीचे उतारा, पंचनामा बनाया और पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। टीआई बोले-मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र राजपूत ने बताया कि उन्हें खेत के टपरे पर एक व्यक्ति के फांसी पर लटके होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मर्ग कायम करलिया है और मामले की जांच की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। व्यक्ति की मानसिक स्थिति ठीक नही थी। फिलहाल घटना को लेकर परिजनों और लोगो से पूछताछ की जा रही है।

## विधायक ने प्रतियोगी परीक्षाएं हेतु परीक्षा केंद्र आरंभ करने सदन मे रखी मांग

सिवनी- सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने प्रतियोगी परीक्षाएं हेतु परीक्षा केंद्र आरंभ करने सदन मे मांग रखी।

जारी मध्यप्रदेश विधानसभा शीतकालीन सत्र के शून्यकाल मे विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा सिवनी नगर मुख्यालय में स्थित पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में ऑन लाईन प्रतियोगी परीक्षाएँ आयोजित कराये जाने के लिए परीक्षा केन्द्र प्रारंभ कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने आगे कहा कि सिवनी जिले के छात्र- छात्राओं को ऑनलाईन परीक्षा के लिए सिवनी से दूरस्थ जिलों में जाना पड़ता है, जिससे इन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही परीक्षार्थियों के परिजनों को भी परेशानियां होती हैं। सिवनी जिले से दूरस्थ महानगरों में परीक्षा केन्द्र तक पहुँचने के सुलभ साधन उपलब्ध नहीं हो पाने से समय पर परीक्षा केन्द्र भी नहीं पहुँच पाते हैं और प्रतियोगी परीक्षा से वंचित रह जाते हैं।

श्री राय ने कहा कि विशेषकर छात्राओं के साथ ऐसी स्थिति अधिकतर निर्मित होती है। अतः सदन के माध्यम से अनुरोध है कि पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिवनी में ऑनलाईन प्रतियोगी परीक्षा केन्द्र प्रांरभ कराया जाये। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने तारांकित/तारांकित प्रश्नों के माध्यम से टोल प्लाजा पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं एवं छात्रावासों मे क्रय की गई समाग्री के संबंध मे प्रश्न किये गये। जिसके उत्तर देते हुए विभागीय मंत्री द्वारा जानकारी पुस्तकालय मे रखे परिशिष्ट अनुसार होने की बात कही गयी।

## क्षमता से अधिक माल परिवहन करने वाले वाहनों पर 49,000 रू. का जुर्माना



सडक सुरक्षा का पहला उपहार क्षमता से अधिक न चढाओ भार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा क्षमता से अधिक माल का परिवहन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

यातायात पुलिस सिवनी द्वारा ऐसे वाहनो पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कार्यवाही के क्रम मे यातायात पुलिस सिवनी द्वारा वाहन क्रं. एमपी -40-बीजी-8544 एवं वाहन क्रं. एमपी-22-एच-1668 को चैकिंग के दौरान रोकने पर पाया गया कि उक्त दोनो वाहन मे क्षमता से अधिक माल का परिवहन किया जा रहा है, इस प्रकार क्षमता से अधिक माल पाये जाने पर दोनो वाहनो पर चैकिंग दल के प्रभारी सउनि. रघुवीर सिंह परिहार द्वारा क्रमशः 23,000 एवं 26,000 रूपये का जुर्माना किया जाकर कुल 49,000 रूपये का समन शुल्क वसूल किया गया। चैकिंग दल मे थाना यातायात से सउनि. रघुवीरसिंह परिहार, लोकराम गुर्दे, आर. राजेश सरयाम, आर. राकेश मार्को द्वारा कार्यवाही मे विशेष योगदान रहा।

## भाजपा ने छीना रोजी रोटी साधन रजक समाज का धोबीटाका

### सकल धोबी समाज ने किया प्रर्दशन, हम अपने हक का लेकर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



भारतीय जनता पार्टी द्वारा धोबी समाज को आवंटित धोबी टांके के लिए 0.0400 हेक्टेयर भूमि जो कि ब्लॉक संख्या 7 (एस) में नजूल के अधीन, नगरपालिका सिवनी के अधिन धोबी टॉका के नाम से वर्षो से दर्ज है। धोबी समाज के गोलू रजक द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि भाजपा नेताओं द्वारा धोबी टांके की जमीन हड़पने की लगातार कोशिश की जा रही है, अंतिम छोर के व्यक्ति की बात करने वाली भाजपा धोबी समाज के आजीविका चलाने वाला धोबी टांका की बची हुई शेष भूमि पर गिद्धदृष्टि रखे हुये है, धोबी समाज द्वारा भाजपा के नेताओं से अनेक बार गुहार लगाई गई की धोबी टांके नगरपालिका द्वारा दिये जा रहें पानी की व्यवस्था प्रारंभ करा दीजिए किन्तु साजिश के तहत इनके द्वारा पानी उपलब्ध नहीं कराया गया, धोबी टांके को बार बार पूरने की कोशिस की गई। अपने परिवार का पालन पोषण करने हेतु धोबी समाज दलसागर तालाब में कपड़े धोने लगा, इसमें भी रोक लगा दी गई। भाजपा के नेता भाजपा कार्यालय में शेड लगाने के लिए 21 लाख रू. की राशि स्वीकृत करा सकते है लेकिन धोबी समाज का जीविका का साधन धोबी टांके के लिए पानी देने को भी तैयार नहीं है। कलेक्टर सहित मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी को कुआ खोदने की अनुमति मांगने के बाद समाज के लोगों द्वारा चंदा कर जब पानी के लिए छोटा सा कुआ खोदने का कार्य प्रारंभ किया गया, तब सिवनी तहसील द्वारा यह कहकर कार्य रुकवा दिया गया कि मेरे पास वाट्सप में भाजपा नगर अध्यक्ष युवराज राहंगडाले की शिकायत आई है और कार्य को बंद करा दी गई। भाजपा नेताओं द्वारा सत्ता का दुरूपयोग कर प्रशासन पर दबाव डालकर धोबी समाज को धोबी टांके की जमीन से हटाने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है, जबकि शिकायतकर्ता का उक्त जमीन से कोई लेना देना नहीं है।

यदि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा धोबी समाज को धोबी टांके की भूमि पर काम नहीं करने दिया गया तो धोबी समाज पूरे परिवार सहित अनिश्चित कालीन के लिए अनशन भाजपा कार्यालय के सामने बैठेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी भाजपा नेताओं और जिला प्रशासन की होगी।



### अशोभनीय एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग किए जाने पर कुर्मी समाज में रोष व्याप्त, सौंपा ज्ञापन

ग्राम संदई मडिया, तहसील रहली (जिला सागर) निवासी मुरारी पांडे द्वारा कुर्मी समाज के प्रति अभद्र, अशोभनीय एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग किए जाने के बाद जिलेभर में कुर्मी समाज में रोष व्याप्त है। समाजजनों ने आरोप लगाया कि मुरारी पांडे द्वारा लगातार की जा रही अशोभनीय टिप्पणियाँ न सिर्फ समाज के सम्मान पर आघात हैं, बल्कि सामाजिक वैमनस्यता फैलाने का सुनियोजित प्रयास भी प्रतीत होती हैं। प्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसी विघटनकारी सोच रखने वाले लोग जातीय विभाजन को बढ़ावा देकर समाज के सौहार्दपूर्ण वातावरण को दूषित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। समाज के अनुसार, इस घटना से न केवल जिला सिवनी बल्कि देशभर का क़ुर्मी समाज आहत है।

## मॉडल स्कूल लखनादौन ने बढ़ाया मान, 'जादू नहीं विज्ञान' प्रतियोगिता विकासखंड में प्रथम, जिले में दूसरा स्थान प्राप्त

**संवाददाता मुकेश साहू।** लखनादौन :- विज्ञान के प्रति जागरूकता और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने वाली प्रतिष्ठित 'जादू नहीं विज्ञान' प्रतियोगिता में लखनादौन मॉडल स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विकासखंड और जिला स्तर पर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। स्कूल ने विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की, जिसके बाद जिला स्तर की प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया।यह उपलब्धि मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों की प्रतिभा और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। वरिष्ठ अधिकारियों ने किया मार्गदर्शन इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने लगातार छात्रों और शिक्षकों को प्रेरित किया।प्रतियोगिता का सफल आयोजन प्राचार्या मोनिका रावत की देखरेख में



किया गया, जिन्होंने स्कूल स्तर पर उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की। शिक्षक टीम को श्रेय स्कूल की इस सफलता का श्रेय शिक्षक निधि लखेरा और विक्रम श्रीवास्तव के अथक सहयोग और समर्पण को भी जाता है। उन्होंने छात्रों को प्रतियोगिता के लिए तैयार करने और वैज्ञानिक प्रयोगों को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र/छात्राओं में श्रेया मिश्रा, आद्या सोनी ,आकांक्षा वासुकी,माही जैन ,समद खान ,सोम सैनी, नमन श्रीवास्तव एवं अभिभावक और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने छात्रों की प्रतिभा और वैज्ञानिक जागरूकता के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्राचार्या मोनिका रावत ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्रों में अंधविश्वास को दूर कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल की पूरी टीम को इस शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## उपार्जन केंद्र उगली में पहुंचे केवलारी एसडीएम, किया औचक निरीक्षण



गत दिवस उगली धान उपार्जन केंद्र में एसडीएम सर ने औचक निरीक्षण किया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान नायब तहसीलदार के. एल. राउत और स्टाफ केंद्र आपरेटर से. सह. समीती उगली दिनेश ठाकरे भी मौजूद थे,एसडीएम सर ने टेक्निकल प्राब्लम, स्लाट बुकिंग, और सर्वेयर समस्या जैसे मुद्दों पर चर्चा की और उच्च अधिकारियों से बात कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उनका उद्देश्य किसानों को धान बेचने में किसी भी रकार की समस्या न हो, यह सुनिश्चित करना था। इस निरीक्षण के दौरान, एसडीएम सर एफ ए क्यू के अंतर्गत केंद्र की तौल व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता, गुणवत्ता परीक्षण, नमी माप मशीन, और स्टैक यार्ड की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने किसानों के लिए पीने के पानी और बैठने की व्यवस्था को भी बेहतर बनाने के निर्देश दिए, और केंद्र संचालकों को स्पस्ट निर्देश दिये की साफ और छन्ना लगाकर धान तौल करें, मौषम को देखते हुए, पाल त्रिपाल की समुचित व्यवस्था करें, रात्री के समय सेक्यूरिटी का इंतजाम करें।



### नर्मदा वेयरहाउस में धान खरीदी प्रांरभ

लखनादौन-शासन खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में होने वाली धान खरीदी का कार्य धीरे धीरे गति पकड़ रहा है। लखनादौन के समीपस्थ में बीओटी पिपरिया, त्रिवेणी वेयरहाउस सोहागपुर, समृद्धि वेयरहाउस साजपानी, माँ नर्मदा वेयरहाउस धनककडी (पुरवामाल), बी डी वेयरहाउस (सनाईडोंगरी) मकरझिर, शिवहरे वेयरहाउस धूमा, बालाजी वेयरहाउस सारसडोल में किसान स्लाट बुक करके अपनी धान की फसल की तुलाई करा सकता है। नर्मदा वेयरहाउस में खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया।

## कुड़ारी शासकीय विद्यालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने की दी प्रेरणा

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने धनौरा विकासखण्ड के निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा प्राथमिक शाला कुड़ारी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर, कक्षाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायज़ा लिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने अध्ययनरत बच्चों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों से उनके पसंदीदा विषयों और आगामी परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग और पाठ्यक्रम की समझ आवश्यक है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने प्रत्येक बच्चे से उनके भविष्य के सपनों के बारे में पूछा और उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, अधिकारी, शिक्षक सहित विभिन्न क्षेत्रों में करियर निर्माण के लिए मोटीवेट किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य स्पष्ट होने पर मेहनत और लगन से किसी भी सफलता को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विद्यालय प्राचार्य और शिक्षकों को विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान देने तथा करियर गाइडेंस कक्षाओं का नियमित आयोजन करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विद्यालय में शिक्षण स्तर, उपस्थिति, स्वच्छता और शैक्षणिक वातावरण की निगरानी मजबूत रखने पर जोर दिया।

### ग्राम झिंझरई में ग्राम चौपाल में पहुँची कलेक्टर, सुनी ग्रामीणों की समस्याएँ, महिला समूह को किया प्रोत्साहित



कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरुवार को घंसौर विकासखण्ड के सुदूर सीमावर्ती ग्राम झिंझरई पहुँचकर ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर पात्र शासकीय योजनाओं के लाभ तथा योजनाओं के मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी ली। इस अवसर पर जनपद सदस्य चंद्रशेखर चतुर्वेदी, जनपद सदस्य श्री तिलक वर्मन, एसडीएम बिसन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सर्वप्रथम महिला स्व-सहायता समूह की बहनों से संवाद कर समूह की गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने महिलाओं से समूह से जुडने के बाद उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन तथा आय में हुई बढ़ोतरी को विस्तार से सुना। कलेक्टर ने आजीविका मिशन से जुड़कर महिलाओं के जीवन में आए परिवर्तन की कहानियाँ सुनकर प्रसन्नता व्यक्त की और सभी महिलाओं एवं उनके परिवारजनों को सफलता के लिए बधाई दी। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि महिलाओं में कला एवं कौशल की कोई कमी नहीं है। स्थानीय स्तर पर बनाए जा रहे पापड़, अचार, सजावटी वस्तुओं की बाजार में हमेशा मांग बनी रहती है। ग्राम चौपाल के दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने स्थानीय ग्रामीणों द्वारा रखी गई समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लिया और उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## मोक्षधाम में हो रहे घटिया कार्य को लेकर लोगों में आक्रोश

# बिना किसी तकनीकी ज्ञान के नौसिखिए तरीके से लगाए जा रहे पेवर ब्लॉक

छपारा- जनप्रतिनिधि और अधिकारी की लापरवाह रवैए की वजह से छपारा नगर के मोक्षधाम मे गुवत्ताहीन कार्य हो रहे बिना समतल करें ही लगाए जा रहे हैं गट्टू और कड़प्पा, उक्त घटिया निर्माण कार्य को देखकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

वहीं नगर वासियों का कहना है कि बिना तकनीकी ज्ञान रखने वाला व्यक्ति भी उक्त कार्य को देखकर कह सकता है कि छपारा नगर परिषद द्वारा इस कार्य को लेकर जो लापरवाह पूर्ण रवैये अपनाया जा रहा हैं वह शायद कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। वहीं मोक्षधाम छपारा में इस तरह से गट्टू लगाए गए हैं कि देखते ही बनता है और जो टीनसेट बनाया गया है वहां जो कड़प्पा पत्थर लगाए गए हैं वह भी बिना तकनीक व बिना वाटर लेबल के लगाए गए हैं। इस तरह से घटिया कार्य को देखकर लोगों के मुंह से वाह नहीं



आह निकल रही हैं। साथ ही इस ओर छपारा नगर के जिम्मेदार गणमान्य नागरिक जो बैनगंगा नदी तट के विकास के लिए बड़ी बड़ी बातें करते हैं उन्हें मोक्षधाम की बदहाली पर जरा सा भी ध्यान नहीं हैं।

इसके अलावा नगर परिषद क्षेत्र में निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार टेंडर जारी होने के बाद भी एक एक साल बीत जाने के बाद भी काम नहीं कर रहे हैं। साथ ही जो कार्य कर रहे हैं उसमें काफी लापरवाही बरत रहे हैं जिससे समय पर वार्ड में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। बताया जाता है कि उक्त ठेकेदार टेंडर वर्क का काम ले लेते हैं साथ ही नगर परिषद के व्दारा उन कामों का भूमि पूजन कर दिया जाता है किंतु सालो से ठेकेदार उन कामों को नहीं करते या छोटे मोटे नौसिखिया ठेकेदार को पेटी में काम देकर उस कार्य की गुणवत्ता को ही खत्म कर दे रहे हैं।

ज्ञात हो कि तकनीकी रूप से टेंडर वर्क में निर्माण कार्य करने का समय निर्धारित रहता है किंतु मिली भगत के चलते निर्धारित समय के बाद तक कार्य करते हैं।

ठेकेदारों पर प्रशासनिक कोई दबाव नहीं होने के कारण अपनी मर्जी से उन कामों को चालू नही करते हैं। इस तरह के लापरवाही पूर्ण कार्य से वार्ड के पार्षद की छवि भी धूमिल हो रही है। वहीं नगर वासियों ने कहा कि नगर परिषद के अधिकारी समय रहते ऐसे ठेकेदारों के टेंडर को निरस्त करें जो समय पर काम नहीं करते साथ ही नगर वासियों ने मोक्ष धाम में गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने की अपेक्षा परिषद के कर्णधारों से की है।

### इनका कहना है

जो मोक्षधाम की जब नगर वासियों से शिकायत मिली तब तत्काल काम रुकवा दिया गया साथ गट्टू उखाड़वा कर फिर से लगवाए गए हैं साथ हीं आगे भी गुणवत्ता हीं कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**दीपक उईके, सब इंजीनियर नगर परिषद छपारा**

## अवैध शराब बिक्री पर महिलाओं का फूटा गुस्सा, एसडीएम को सौंपा शिकायत-पत्र

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया:-** लखनादौन जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मकरझिर मै अवैध शराब बिक्री का मामला गंभीर रूप से सामने आया है. महिलाओं द्वारा आरोप लगाया गया है. कि ग्राम के ह्।। 44 से लगी पी एम आवास की 12 सटरो की दुकानों में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री की जा रही है. जिसके चलते गांव में आये दिन झगड़े-फसाद की स्थिति बन रही है. इससे गांव का माहौल बिगड़ रहा है. और युवाओं में नशे की लत बढ़ती जा रही है. इस संबंध में गांव के सरपंच सहित ग्रामीणों ने थाना प्रभारी लखनादौन को एक लिखित शिकायत सौंपी है. जिसमें अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के



खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है. ग्रामीणों ने कहा कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

ग्रामीणों की महिलाओ ने एस डी एम साहब को सभी महिलाओ ने रो रो कर अपनी आपबीती बताई अवैध शराब के कारण समाज में अपराध, गाली-गलौज और घरेलू तनाव बढ़ रहा है. लिखित शिकायत में लखनादौन एसडीएम और पुलिस प्रशासन से अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्यवाही की अपील की गई है. ताकि गांव में शांति और सुरक्षित वातावरण बहाल हो सके। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी भी दी है. कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े स्तर पर विरोध के लिए बाध्य होंगे।

## परिवहन विभाग ने किया अलर्ट, फर्जी ई-चालान लिंक से बचने आमजन से अपील

# ई-चालान के नाम पर साइबर ठग, लगा रहे चूना!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में साइबर सेल को सोशल मीडिया पर ई-चालान के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायतें मिल रही हैं। जालसाज मोबाइल यूजर्स को वाहन चालान के बहाने एपीके फाइल भेजकर ठगी कर रहे हैं।

साइबर नोडल थाना ने बताया कि इन शिकायतों की जांच की जा रही है। आमतौर पर, मोबाइल यूजर्स को यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस के ई-चालान के नाम से वाहन नंबर के साथ एक एपीके फाइल भेजी जाती है। पिछले डेढ़ महीने में लगभग एक दर्जन लोग यह एपीके फाइल डाउनलोड करने के बाद ठगी का शिकार हुए हैं। ठगों ने पीड़ितों के खातों से 3 हजार से 4 हजार रुपए तक की अलग-अलग राशियां निकाल ली हैं।


प्रिय वाहन चालक

17.NOV/2025 को यातायात नियमों का उल्लंघन दर्ज किया गया है।
जुर्माना राशि: 385
उल्लंघन सिग्नल जंप-सीसीटीवी कैद
कानूनी कार्रवाई से बचें। अभी भुगतान करें।

क्लिक करें और पीडीएफ फाइल खोलें और अपनी जाँच करें।
| Dear Driver*A traffic violation has been registered on 17.NOV.2025.*Fine



यातायात प्रभारी सूबेदार यीना राहंगडाले को भी कई व्हाट्सएप यूजर्स ने ई-चालान के नाम पर एपीके फाइल मिलने की सूचना दी है। उन्होंने मोबाइल यूजर्स को सतर्क रहने की सलाह दी है। सूबेदार राहंगडाले ने स्पष्ट किया कि यातायात पुलिस वॉट्सऐप पर कोई चालान नहीं भेजती है। वॉट्सऐप पर ई-चालान के नाम पर भेजी जा रही एपीके फाइलें धोखाधड़ी का प्रयास हैं, जिन्हें यूजर्स को नहीं खोलना चाहिए।

उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस द्वारा बनाए गए ई-चालान की तामील विभागीय पुलिसकर्मी व्यक्तिगत रूप से करते हैं। थाने की ओर से व्हाट्सएप पर चालान भुगतान के लिए कोई फाइल या जानकारी नहीं भेजी जाती है।

साइबर नोडल थाना की आरक्षक मेघा तिवारी ने कहा कि साइबर ठगी से बचाव केवल जागरूकता और सही जानकारी से ही संभव है। आजकल ठग यातायात पुलिस के ई-चालान, एसआईआर, प्रधानमंत्री आवास योजना, 5-जी, पीएम किसान योजना, आरटीओ चालान और वेडिंग कार्ड जैसे विभिन्न बहानों से एपीके फाइलें भेजकर ठगी कर रहे हैं। मोबाइल यूजर्स को ऐसी किसी भी संदिग्ध फाइल से सावधान रहना चाहिए।

## 6508 कृषकों से 02 लाख 69 हजार 694 क्विंटल धान की हुई खरीदी

# तीसरी आंखों से धान खरीदी केंद्रों की निगरानी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





कलेक्टर व बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जिले के धान खरीदी केंद्रों में उपार्जन कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते 05 दिसंबर सायं तक 6508 कृषकों से 2 लाख 69 हजार 694 क्विंटल धान खरीदी की गई है। इस वर्ष सभी खरीदी केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बालाघाट पी. जोशी के निर्देशन में 05 दिसंबर को धान खरीदी केंद्र कुम्हारी और समनापुर का औचक निरीक्षण एम.एल.यादव बैंक विपणन अधिकारी, राजेश नगपुरे फील्ड अधिकारी, अमरेश परिहार इन्वेंटरी मैनेजर द्वारा किया गया। इस दौरान किसानों से चर्चा की गई तथा पेयजल, बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का जायजा लिया गया। दोनों ही केंद्रों में कैमरे चालू पाए गए साथ किसानों की बैठने की समुचित व्यवस्था पाई गई। बैंक अधिकारियों ने धान केंद्र प्रभारी और धान खरीदी में लगे अन्य कर्मचारियों को धान उपार्जन नीति अनुसार खरीदी किए जाने के निर्देश दिए गए।

# मिरगपुर डीपी.राय भूमिगत खदान में मनाया खान सुरक्षा सप्ताह

### खदान में कार्य करते हुए मजदूर सुरक्षा के उपकरण टोपी, ,चश्मा, जूते का करे आवश्यक उपयोग

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।




खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मिरगपुर में 5 दिसंबर शुक्रवार को डीपी.राय भूमिगत खदान में खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया । इस अवसर पर खदान प्रबंधन के द्वारा माइनिंग अथितीयो का स्वागत-सत्कार किया गया । मिरगपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थीयो के द्वारा स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुती दि गई। कार्यक्रम में मूलचंद देशमुख के द्वारा मंच संचालन किया गया।इस दौरान माइनिंग विशेषज्ञ व अधिकारीयो के द्वारा कामगारो को खदान में कार्य करते हुए सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की समझाइश दि ।कहा की सुरक्षित रहना खुद की जिम्मेदारी है ,अन्य स्थानो में काम करने की अपेक्षा खदान में काम करना काफी कठिन है । इसलिए यहा पर सुरक्षा का विशेष महत्व होता है। सुरक्षित रहना खुद की जिम्मेदारी है। कामगार कार्य और कार्य प्रणाली को समझे और देखे फिर सुरक्षित रहकर कार्य करे । खदान में काम करते हुए सुरक्षा के उपकरण टोपी, चश्मा, जूते , हेल्मेट सहित अन्य सुरक्षा के उपकरणो का जरूर उपयोग करे साथ ही अपनी सुरक्षा के साथ साथ दुसरे कामगारो के सुरक्षा का ख्याल रखे। इस दौरान माइनिंग विशेषज्ञो के द्वारा खदान का निरिक्षण किया। खदान में उपयोग होने वाले उपकरण, सामान, मशीनो की बारिकी से निरिक्षण किया गया। मेट, प्रबंधक, ब्लास्टर,एंव सर्वेयर से संवाद स्थापित करते हुए खदान में कार्य के दौरान उपयोग होने वाले उपकरण के बारे में विस्तृत रूप जाने का प्रयास किया और सुरक्षा संबंधित जानकारी लि गई साथ ही सुरक्षा के टिप्स दिए गए। इस दौरान माइनिंग विशेषज्ञ के रूप में तिरूपति कामरा डीजीएमएस पारासिया जोन, मुस्तफा हसन एच.सी.एल.,राजेश निहा मैनेजर सर्वेयर जे.के.मिनरल,शेषनारायण धुर्वे चीफ मेनजर मेकेनिकल मायल, सहित मिरगपुर खदान प्रबंधक रोहित इनकमत्ला ,राहुल सिंह एच.आर, ऋषभ ठाकुर सर्वेयर, शिवकुमार मेट, खुमेद्र गौतम ब्लास्टर, प्रकाश देशमुख,मूलचंद देशमुख,विगेश बिसेन, भगवान देशमुख, राहुल राहगडाले,धनेन्द्र राणा सहित अन्य मजदूर एंव खदान कर्मचारी मौजूद रहे।

# विधायक भगत ने ऊर्जा एवं लोकनिर्माण विभाग के मुद्दों पर किया फोकस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



परसवाडा विधानसभा क्षेत्र 110 के विधायक मधु भगत ने वर्तमान शीतकालिन सत्र में अपनी सक्रियता को बनाये रखते हुए प्रश्न क्र. 1040 में ऊर्जा मंत्री से उन्होने पूछा कि बालाघाट जिले में क्या-क्या कार्य कितनी कितनी राशि में कराये गये, शासकीय स्वीकृति एवं निविदा तथा क्रियान्वयन एंजेसी को किये गये राशि के भुगतान का विवरण उपलब्ध कराये वहीं आरडीएसएस के कार्यो में निम्न स्तर की सामग्री उपयोग करने तथा वित्तिय अनियमितता किये जाने के संबंध में शिकायत की गई थी तथा चांगोटोला के आसपास आने वाले ग्रामों में विद्युत कनेक्टिविटि सिवनी जिले से होने के कारण तकनीकी समस्या बनी रहती है। इसमें लालबर्रा फिडर से जोडने हेतु क्या प्रयास किये गये। जबकि जिला प्रशासन ने कई बार इस समस्या को हाल किये जाने सहमति जताई। इस सवाल के जबाव मे ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न तोमर ने बताया कि पांच वर्ष में मध्य पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की विभागीय कार्ययोजना एवं प्रचलित आरडीएसएस योजना अंतर्गत किये गये कार्यो तथा संबंधित प्रशासकीय स्वीकृति निविदा का विवरण एवं क्रियान्वयन एंजेसी को किये गये भुगतान का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के प्रपत्र अ अनुसार है।वहीं उपरोक्त योजना के अंतर्गत कार्यो की गुणवत्ता एवं क्रय कि गई सामग्री का निरीक्षण समय समय पर उचित अधिकारियों की टीम द्वारा किया जा रहा हैं । कार्यो में भी यदि कमी परिलक्षित होती है तो उसका निवारण संबंधित निविदाकार कंपनी के माध्यम से कराया जाता है। निविदा शर्तो के अनुसार सामग्री जैसे ट्रांसफार्मर, केबल कंडक्टर, ब्रेकर, पैनल इत्यादि का परिक्षण एनएबीएल प्रयोगशाला में कराया जाता है एवं इसका समय समय पर निरीक्षण किया जाता है। 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र चांगोटोला को अति उच्चदाब उपकेन्द्र लालबर्रा से नियमित 33 केवी लामता फीडर से जोडा जा चुका है। बालाघाट जिले में कुल 49 आवेदन विद्युत प्रदाय हेतु लंबित है। जिनकी विद्युत वितरण केन्द्रवार संख्यात्मक जानकारी प्रपत्र ब अनुसार है। विगत पांच वर्षो में म.प्र.पू. क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमि. जबलपुर के समस्त कार्योलयों के आय एवं व्यय की समेकित जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट प्रपत्र स अनुसार है।

# बालाघाट-इतवारी ट्रेन का पिंजरा सीमेंट से टकराया, दो रेलवे क्रॉसिंग पर लगा लंबा जाम



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में गुरुवार शाम बालाघाट-इतवारी ट्रेन तकनीकी खराबी के कारण दो रेलवे क्रॉसिंग पर रुक गई। नागपुर इतवारी से बालाघाट पहुंची ट्रेन (68715) शाम 4:20 बजे बालाघाट स्टेशन से रवाना हुई थी। बैहर रोड रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन के सामने लगा पिंजरे पटरी पर बने सीमेंट से टकरा गया, जिससे ट्रेन करीब आधे घंटे तक रुकी रही।

इस कारण फाटक बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसके बाद ट्रेन करीब 3 घंटे से भटेरा रेलवे क्रॉसिंग पर रुकी रही। सुधार के लिए गोंदिया स्टेशन से मैकेनिक टीम को बुलाया गया। इसके बाद करीब 7:45 बजे सुधार कार्य पूरा होने पर ट्रेन नागपुर के लिए रवाना हुई।

जैसे ही ट्रेन आगे बढ़ी, भटेरा रेलवे क्रॉसिंग पर भी पिंजरे में खराबी के कारण ट्रेन एक घंटे से अधिक समय तक रुकी रही। फाटक बंद होने से लगभग आधा किलोमीटर लंबा जाम लग गया और यात्रियों व राहगीरों को परेशानी हुई। लोको पायलट ने ट्रेन को पीछे लेकर आउटर पर खड़ा किया, जिससे फाटक खुल सका और आवाजाही शुरू हुई।

## बालाघाट की खूबसूरत वादियों में शूट हुआ

# आज रिलीज होगा थोड़ा सा इश्क में




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट की खूबसूरती मे शूट हुआ थोड़ा सा इश्क मे गाना आज 6 दिसम्बर को टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल मे रिलीज होगा जिसकी लेखक अप्पी विक्रम जी है और गायक चरणजीत सिंह सोंधी और अप्पी विक्रम जी है सभी यूट्यूब पर जाकर गाने का लुप्त उठावे और शेयर करे।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के निर्देशन में वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री रचना चौधरी द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरवेली, शासकीय विद्यालय आंवलाझरी, पी.एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलेरा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

## सरकारी डिपो में बांस नहीं मिलने से परेशानी

# मंहगे दाम में खरीदना पड़ रहा बांस

## बसोड़ समाज पर रोजगार का संकट



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** साहब पापी पेट का सवाल है। यह हमारा पुश्तैनी काम है। इसी के भरोसे हमारे परिवार का पालन पोषण होता है। सरकार का नियम है कि एक पट्टाधारक को वर्ष भर में 15 सौ बांस मिलना चाहिए लेकिन इतनी संख्या में बांस मिलना तो दूर, हमें जो बांस मिलता है उसका आकार एक गन्ने की तरह होता है। जिससे दो टोकरी भी नहीं बन पाती है। जितनी संख्या में बांस दिया जाता है वह एक पट्टाधारक के लिए ऊंट के मुंह में जीरे के समान होती है। हमारे हिस्से का अच्छी क्वालिटी का बांस नीलामी प्रक्रिया में ठेकेदार को बेच दिया जाता है। यह आरोप बालाघाट जिले के कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम वरूड और सिरपुर के बंसोड़ समाज के लोगों का है। बांस की सामग्री बनाने का पुश्तैनी कार्य करने वाले बंसोड़ समाज के लोग बांस से टोकरी, सूपा सहित अन्य वस्तुएं बनाकर अपने परिवार का गुजर-बसर करते है। जो इन दिनों एक बार फिर से आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे है। आर्थिक तंगी की वजह कामकाज का ठप्प हो जाना है। बिना बांस के इनका पुश्तैनी काम करना मुश्किल है। सरकार से रियायती दर पर बांस न मिलने से बंसोड़ समाज के लोग ऊंचे दर पर बांस खरीदने और इससे निर्मित सामग्री सस्ते दर पर बेचने के लिए मजबूर हैं। दरअसल, जंगल में बांस की कटाई का काम शुरू हो चुका है किंतु बंसोड समाज को अब तक बांस नहीं मिल पाया है। बंसोड़ समाज के लोगों ने बताया कि सिरपुर डिपो में बांस नहीं आया है। बंसोड़ समाज ने बीते दिनों बांस की मांग को लेकर वारासिवनी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपकर शीघ्र बांस प्रदान करने की मांग रखी परंतु विभाग के अफसरों के कानों में अब तक जूं नहीं रेंगी। बांस नहीं मिलने से बंसोड़ समाज की आर्थिक हालत पर क्या असर पड़ा है इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अब इस समाज के लोग सरकारी अनाज, महिलाएं लाडली बहना स्कीम की राशि और वृद्ध वृद्धा पेंशन की राह ताकते रहते है। वहीं बांस डिपो में बांस नहीं मिलने से गांव के कुछ लोग जंगल में बांस की चोरी करने जा रहे है। अब आसान भाषा में कहें तो पेट की भूख और पुश्तैनी रोजगार ग्रामीणों को चोर बना रहा है। सरकारी डिपो से बांस नहीं मिलने के कारण बंसोड़ समाज के लोग अपना पेट पालने और रोजगार को बरकरार रखने के लिए किसानों से मंहगें दाम में बांस खरीद रहे है। बंसोड़ समाज के पट्टाधारक को डिपो से जो बांस 10 रुपए का मिलता है। वहीं बांस किसानों से 120 रुपए में खरीदना पड़ रहा है। इससे बनने वाली सामग्री को बेचने पर दिन भर की मजदूरी तक नहीं निकल पाती।

# अब भी नहीं सुधर सके पालडोंगरी कैप खरीदी पहुंच मार्ग के हालात

## लगभग 14 हजार टन धान खरीदी वाले संयुक्त कैप पालडोंगरी का मामला



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी क्षेत्र में 1 दिसंबर 2025 से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रारंभ की जा चुकी है, और धान खरीदी करने वाली समितियों द्वारा लगातार खरीदी की जा रही है। वहीं इस बार खरीदी केन्द्र पालडोंगरी कैप में 5 समितियों द्वारा धान खरीदी की जा रही है जिनमें सेवा सहकारी समिति पालडोंगरी, सेवा सहकारी समिति साडरा, सेवा सहकारी समिति दहेगांव, सेवा सहकारी समिति कुम्हारीकला, सेवा सहकारी समिति कुम्हारी खुर्द द्वारा खरीदी की जा रही है। किंतु उक्त कैप तक पहुंच मार्ग काफी जर्जर होने से समिति के प्रबंधकों को खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिये प्रशासन को पूर्व में अवगत कराने के पश्चात ऊंट के मुंह में जीरा वाली कार्यवाही करते हुए थोड़ा बहुत सुधार कार्य किया गया है परंतु किसानों को धान लाने में परेशानी अब भी बनी हुई है। उल्लेखनीय है की पालडोंगरी कैप पंहुच मार्ग जो कि बहुत ही खस्ताहाल हो चुका है। मार्ग पर बड़े वाहनो के आवागमन के चलते मार्ग गड्ढो में तब्दील हो चुका है। किसान जब भी पालडोंगरी कैप में अपनी अपनी धान लेकर बैलगाड़ी, ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि से लेकर आयेंगे तो हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहेगा। गड्ढो में कभी भी वाहन पलटने का डर भी बना रहेगा। अनेको बार इस संबध में शिकायतें हो चुकी है कि धान खरीदी करने के पूर्व ही इस मार्ग को दुरस्त कर लिया जाये लेकिन आज दिनांक तक मार्ग दुरस्त नही किया गया है।

**5 समितियां खरीदेंगी 14 हजार टन धान:** उल्लेखनीय हैकी पालडोंगरी कैंप में इस वर्ष 5 समितियों द्वारा धान खरीदी की जा रही है जिसमें उनके द्वारा लगभग 14 हजार टन धान खरीदा जाएगा जिसमें सैकड़ो वाहनों की आवाजाही इस मार्ग से होगी। ऐसे में अगर कोई घटना या दुर्घटना घटित होती है उसके कौन जिम्मेदार होगा प्रशासन या किसान ? यह भी बतादे कि प्रतिवर्ष धान खरीदी के समय मौसम विभाग भी करवट लेता है बारिश का आगमन होता ही है बारिश के चलते यह मार्ग और अधिक खराब हो जाता है और पानी से भरे गड्ढे दिखाई नही देते जिसके चलते बडी दुर्घटना का अंदेशा बन जाता है। इस समस्या पर प्रशासन स्वयं संज्ञान ले। क्योंकि पालडोंगरी स्थित कैप में पालडोंगरी, रमपुरा, कटंगी, बोरी, फोफसा, सहेकी, साडरा, केरेंगांव, दहेगांव, देवलगांव, सिंगोला, करेजा, कुहारी खुर्द, सिहारी, जीवनारा दिघोरी, घोटी घुसमारा, अमेड़ा पा, कुहारी कला लाड़सा बिंझलगांव, खरेंगांव, सिरेगांव, पौंडी इन सभी ग्रामो के किसान अपनी उपज फसल लेकर पालडोंगरी स्थित कैप पंहचुते है इसके अलावा सभी सोसायटियों से खरीदी गई धान भी बड़े बडे वाहनो के माध्यम से उक्त कैप में आते है लेकिन कैप पंहुच मार्ग पूर्ण रूप से खस्ताहाल है जिसके चलते रोजाना दुर्घटना अंदेशा बना रहता है ।

## आमजन को नहीं मिल रहा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ, मनमर्जी से आते जाते हैं डॉक्टर

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर कंजई नहीं खुल रहा नियमित समय पर

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** लालबर्रा के ग्राम कंजई का आयुष्मान आरोग्य अस्पताल समय पर नहीं खुल रहा है.अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर शिवनकर लगातार स्वास्थ सुविधाओं में लापरवाही बरत रहे हैं प्राय देखा जाता आ रहा है कि वह लेट लतिफी से अस्पताल आना जाना करते हैं जिस कारण आमजन को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है पदस्थ डॉक्टर अस्पताल मे निवास नहीं करते है.विदित रहे कि कोई भी शासकीय कर्मचारी को अपने मुख्यालय में निवास करना अनिवार्य है। बावजूद इसके डॉक्टर का अस्पताल में आने-जाने का समय निर्धारित नहीं है वह ना तो समय पर अस्पताल आते है और जब मनमर्जी हुई चले जाते हैं. उक्त गंभीर विषय पर बालाघाट कलेक्टर को जानकारी दी जा चुकी है लेकिन पदस्थ डॉक्टर की हरकत में सुधार नहीं आया है. ऐसे कर्मचारियों के कारण ही सरकार की किरकिरी हो रही है। जागरूक जनों ने बालाघाट कलेक्टर से स्वास्थ्य सुविधाओं की निगरानी के लिए निगरानी तंत्र पर बनाने पर जोर दिया है जो समय-समय पर स्वस्थ व्यवस्थाओं का जायजा ले और लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर व कर्मचारियों पर कार्रवाई करे जब ही स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारू बनाया जा सकता है जिसका लाभ अंतिम छोर के पीड़ित व्यक्तियों को आसानी से मिल सके।

**मीडिया कवरेजके दौरान अस्पताल में बंद देखा गया ताला:** मीडिया को अस्पताल के लेट लतीफे से खुलने निरंतर मिल रही शिकायत पर शुक्रवार को सुबह 10:28 बजे आयुष्मान आरोग्य मंदिर कंजई का निरीक्षण किया तो पाया कि अस्पताल का ताला नहीं खुला था वह बंद था तुरंत मीडिया प्रतिनिधि ने पदस्थ डॉक्टर शिवनकर को फोन लगाकर पूछा कि आप कहां सर. तो डॉक्टर साहब ने जवाब दिया कि मैं तो पोस्ट ऑफिस लालबर्रा में हूँ स्पीड पोस्ट करने के लिए खड़ा हूं अभी आता हूं अस्पताल.. सवाल यह है कि क्या अस्पताल बंद रखना सही था.?अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन उक्त गंभीर विषय पर क्या कार्रवाई करता।



## गांव के घरों में नल से पहुंचने लगा है शुद्ध जल

# जल जीवन मिशन से खोड़सिवनी गांव में आयी खुशहाली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 में आरंभ किए गए जल जीवन मिशन का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक पाइपलाइन के माध्यम से स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल पहुंचाना है। 'हर घर जल' के संकल्प के साथ यह मिशन ग्रामीण जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को सुदृढ़ बनाते हुए लोगों के जीवनस्तर में बड़ा परिवर्तन ला रहा है।सतपुड़ा की पहाड़ियों में बसा बालाघाट जिला प्राकृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्र है। विस्तृत वन संपदा, विविध जनजातीय एवं जातीय समुदायों का निवास इस क्षेत्र की विशिष्ट पहचान है। लेकिन लंबे समय तक यहां के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट बना रहा।इसी संकट से जूझता था ग्राम खोड़सिवनी, जो बालाघाट मुख्यालय से लगभग 16 किलोमीटर दूर स्थित है और जहां की जनसंख्या लगभग 3420 है। गांव में पेयजल का प्रमुख स्रोत वर्षों कुएं, हैंडपंप और तालाब रहे। गर्मी के मौसम में जलस्तर गिरने से हैंडपंप प्रायः सूख जाते थे, जिससे महिलाओं को पानी लाने के लिए दूर-दूर तक पैदल जाना पड़ता था। गहरे कुओं से पानी निकालने में खतरा बना रहता था। लेकिन अब यह स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। जल जीवन मिशन के तहत गांव में व्यापक कार्य किए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को स्थायी और विश्वसनीय जल सुविधा प्राप्त हुई है। मिशन के अंतर्गत ग्राम खोड़सिवनी के 656 घरों में घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही गांव को 'हर घर जल ग्राम' घोषित किया गया है।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी एल उईके ने बताया कि इस परियोजना ने ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया है। जहां पहले पानी के लिए रोजाना संघर्ष करना पड़ता था, वहीं अब घर-घर नल की सुविधा उपलब्ध है। इससे समय की बचत, स्वास्थ्य में सुधार और जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। खोड़सिवनी में जल जीवन मिशन की सफलता ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है, और यह गांव अब जल सुविधा से सम्पन्न होकर खुशहाली की ओर अग्रसर है।

